# कन्या राशि फल वर्ष २०२६

**कन्या राशि:** सन् 2026 पर्यन्त शनि के मीन राशि से गोचर में अपवादो से छुटकारा मिलेगा। मानसिक व्यथा समाप्त होगी। धन लाभ होगा। स्थानान्तरण निरस्त होगा। विदेश यात्रा में विलम्ब होगा। जीवन साथी का स्वास्थय सुधरेगा। भय समाप्त होगा। वर्षारम्भ से गुरु के गोचर में भाग्योन्नति का सुख रहेगा। पदोन्नति होगी। व्यवसाय- व्यापार से लाभ मिलेगा। प्रभावशाली वरिष्ठ व्यक्तियों के सम्पर्क में आयेंगे। पारिवारिक सुख रहेगा। चुनावो में सफलता मिलेगी। शुभ कार्यो में रत रहेंगे। निरुद्यमता समाप्त होगी। स्थान लाभ होगा। भू सम्पत्ति के विवाद समाप्त होगे। सन्तान की प्रगति होगी। 02 जून से गुरु के कर्क से गोचर में सन्तान के विषय में चिन्ता रहेगी। वैवाहिक सम्बन्ध बनते बनते रह जायेंगे। सट्टा, शेयर्स में हानि होगी। इण्टरव्यूज तथा परीक्षाओं में अपयश मिलेगा। मन खिन्न रहेगा। प्राय: ही सभी कार्यो में असफलता से मनोबल गिरेगा।। विरोधी पक्ष प्रभावी रहेगा। अधिकारो में कमी आयेगी। डिमोशन की स्थिति बनेगी। 31 अक्तूबर मध्यान्ह से सिंह के गोचर में धन हानि होगी। शुभ कार्यो में धन का व्यय आवश्यकता से अधिक हो जायेगा। कठिन आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ेगा। अपने ही विश्वासपात्रो से धोखा मिलेगा। मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। स्थान परिवर्तन होगा। परिवार से अलग रहने का योग बनेगा। कोर्ट कचहरी के चक्कर बढ़ेगे। मुकद्दमेबाजी होगी।

**जनवरी :** स्वयं तथा सन्तान का स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। मित्रो एवं हितेषियो से असुविधा होगी। अपव्यय करेगे। अधिकारियो से विवाद होगा। प्रबल विरोध होगा। किसी के आश्वासन से भ्रम की स्थिति बनेगी। दुर्घटनाओ के प्रति सचेत रहे। असमय के भोजन से पाचन सम्बन्धी रोग होगा। अनुचित इच्छाओ तथा आंकाक्षाओ के विचार बनेगे। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यो में रुचि होगी। वैचारिक मतभेदो के कारण सन्तान से कष्ट होगा। आर्थिक स्थिति कठिन बनेगी।

शुभ : 02, 06, 08, 13, 16, 18, 23, 27, 29

अशुभ : 04, 11, 21, 25, 31

VYAS PANCHANG

**फरवरी :** प्रशासनिक सहयोग रहेगा। विरोधियो पर प्रभावी नियन्त्रण से स्थिति में सुधार होगा। कोर्ट कचहरी के मामलो में अनुकूल सफलता मिलेगी। विवादो का अन्त होगा। मानसिक शांति बनेगी। आरोग्य उत्तम रहेगा। मान, पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के नवीन साधनो से धनागमन उत्तम रहेगा। बहुमूल्य धातुओ का लाभ

होगा। मन प्रसन्न रहेगा। 13 फरवरी से सुख समृद्धि की हानि होगी। धन-धान्य में कमी आयेगी। रोग ग्रस्त होगे। कार्यो में असफलता से प्रशासनिक प्रताड़ना मिलेगी। मान, पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। विराधी मुखर होगे। 23 फरवरी से आय के नवीन साधनो से धनागमन उत्तम रहेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामलो में सफलता मिलेगी। विवादो का अन्त होगा।

शुभ **:** 02, 10, 12, 15, 19, 23, 26,

अशुभ **:** 05, 07, 17, 21, 28

**मार्च:** जीवन साथी का सह योग मिलेगा। सन्तान रोग मुक्त होगी। महत्वपूर्ण कार्यो में अच्छी प्रगति होगी। व्यवसायिक बाधाये समाप्त होगी। यात्राओ से लाभ मिलेगा। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से छुटकारा मिलेगा। धन तथा मान सम्मान मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। 15 मार्च से व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। थका देने वाली यात्राओ से कष्ट रहेगा। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से पीड़ित होगे। धन तथा मान हानि के कारण मन में क्लेश रहेगा। शिक्षा में रुकावट आयेगी। परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहेगा। सुखोपभोग तथा विलासिता से मन हटेगा।

शुभ **:** 02, 04, 09, 11, 14, 16, 18, 23, 25, 29, 31

अशुभ **:** 06, 21, 27,

**अप्रैल:** व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। सुख साधन मिलेगे। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। स्वजनो भाई तथा सन्तान से वैचारिक साम्यता रहेगी। नेत्र तथा उदर रोगो से छुटकारा मिलेगा। 14 अप्रैल से पूर्व में किये गये कार्यो का - विशेषकर गलत कार्यो का परिणाम मिलेगा। किन्ही कारणो से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। दाम्पत्य जीवन में बाधा आयेगी। भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी। कैश फ्लो बिगड़ेगा। कैश इन हैण्ड घटेगा। यात्राये निरस्त होगी। लाभ अपेक्षा से कम होगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति बिगड़ेगी।

शुभ **:** 05, 08, 10, 13, 19, 21, 25, 28

अशुभ **:** 03, 15, 17, 23, 30

**मई :** प्रत्येक कार्य में अवांछित, लास्ट मिनिट पर रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी। प्रयत्नो में असफलता से निराशा तथा खिन्नता रहेगी। लिये गये ऋण को चुकता करने में कठिनाईया आयेगी। प्रापर्टी सीज होने से अपमान अनुभव करेगे। धारदार वस्तु से चोट लगेगी। तेज बुखार होगा। स्थान परिवर्तन होगा। पारिवारिक सुख

VYAS PANCHANG

कम मिलेगा। प्रियजनो से अलग रहना होगा।  आत्मविश्वास गिरेगा। 29 मई से वाक्चातुर्य से  विरोधी परास्त होगे। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। सामाजिक कार्यो में समय देगे। मिथ्या अपवाद के शिकार होगे। किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मन अशान्त रहेगा.

शुभ :  03, 05, 08, 10, 16, 18, 23, 25, 30

अशुभ : 12, 14, 20, 27,

जूनः वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। सज्जनो के माध्यम से लाभ होगा। प्रतिष्ठित कार्य सम्पन्न होने का आनन्द रहेगा। पदोन्नति का अवसर आयेगा।  पारिवारिक सुख समृद्धि रहेगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। 20 जून में शरीर थका थका लगेगा। कार्यो पर सुचारु रुप से ध्यान नही दे पायेगे। अपमानजनक स्थितियो का सामना करना पड़ेगा। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। आवशयक व्यय पर कटोती सम्भव है। सन्तान सुख में विलम्ब रहेगा। 21 जून से रोग मुक्त होगे।  रोजी रोजगार तथा कार्यस्थल पर कार्यकारी स्थितियो बनेगी।  विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। कार्यो में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा।

शुभ : 01, 04, 06, 13, 15, 19, 21, 29

अशुभ : 09, 11, 17, 24, 26,

**जुलाईः** आर्थिक हानि होगी परन्तु कार्यो में सफलता मिलेगी। दुर्घटना से बचाव होगा। प्रिय वस्तु की प्राप्ति होगी।  नई मित्रता के प्रति सचेत रहे। नया सहयोग क्रियान्वित होने में अवरोध आयेंगे।  धन तथा भोग–विलास के साधनो में कमी आयेगी।  सन्तान सुख रहेगा। योग्य व्यक्तियो का सन्तान  योग रहेगा। स्टार्टअप की सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। बुद्धि चातुर्य देखते ही बनेगा फिर भी मन  अशांत रहेगी। वरिष्ठो का अनुग्रह मिलेगा।  परिवार के आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव से मन में सात्विकता आयेगी।  प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोग मुक्त होगे।

शुभ : 01, 04, 06, 10, 12, 16, 18, 26, 31

अशुभ : 08, 14, 21, 23, 28,

**अगस्तः** अपेक्षित कार्य पूरा होगा। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। मन प्रसन्न रहेगा। रोजी रोजगार तथा कार्यस्थल पर कार्यकारी स्थितियो बनेगी। नौकरीपेशा में उन्नति का अवसर आयेगा। शासक वर्ग से लाभ होगा। पारिवारिक सम्बन्धो में सुधार आयेगा।  बन्धु बान्धवो तथा मित्रो से मधुर सम्बन्ध बनेगे। व्यय

VYAS PANCHANG

नियन्त्रित रहेगा। आँखो तथा उदर सम्बन्धी रोगो से छुटकारा मिलेगा।  शिक्षा में प्रगति होगी। साक्षात्कारो में सफलता मिलेगी।

शुभ : 02, 07, 13, 15, 22, 25, 27, 29

अशुभ : 04, 09, 11, 20,

**सितम्बर :** मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थय में सुधार होगा। शारीरिक अवस्था के अनुरुप होने वाले नेत्र रोग, रक्तचाप अथवा हृदयाघात का भय दूर होगा। पारिवारिक समस्याओ का समाधान मिलेगा। मित्रो तथा सम्बन्धियो का सहयोग मिलेगा। सफल यात्राये होगी। स्वभाव में सौम्यता आयेगी। चले आ रहे मुकद्दमो में विजय होगी। कोर्ट कचहरी के मामलो में इच्छित परिणाम मिलेगे। भूमि– भवन अर्जित करेगे। भवन के किराये में वृद्धि से आय में वृद्धि होगी। भूमि–भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है।

शुभ दिन : 03, 05, 11, 14, 18, 23, 26, 28, 30

अशुभ दिन : 01, 07, 16, 21,

**अक्तूबर:** दुर्जन तथा निम्न स्तरीय व्यक्तियो से मेल मिलाप बढ़ेगा। स्वयं के विचारो में धूर्तता का समावेश होगा। कृषि तथा वाणिज्य दोनो ही में हानि होगी अत: धन हानि के प्रति सावधान रहे। विचार पूर्वक कार्य करे। निकटस्थ व्यक्तियो से धोखा मिल सकता है। अपने स्वभाव की कठोरता से मुक्ति पाने का प्रयास करे।

शुभ : 09, 16, 21, 23, 25, 27, 29

अशुभ : 02, 04, 06, 11, 13, 18,

**नवम्बर :** नेत्र रोग से पीड़ित होगे। सहोदरो के साथ पारिवारिक झगड़े झंझटो से परेशान रहेगे। दाम्पत्य जीवन में मतभेद बनेगे। किसी कारणवश घर से दूर रहना होगा। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। सन्तान कष्ट रहेगा। 16 नवम्बर से स्वास्थय में सुधार होगा। रोग मुक्त होगे। उच्चाधिकारियो के सम्पर्क में आयेगे। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से सफलता प्राप्त करेगे।

VYAS PANCHANG

शुभ : 05, 07, 12, 17, 20, 24, 26, 28

अशुभ : 01, 03, 10, 15, 22, 30

दिसम्बर : सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। सुख ऐश्वर्य में कमी आयेगी। व्यसनो से लगाव बढ़ेगा। यात्राओ में असुविधा होगी। भू–सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद होगे।  जीवन साथी से

मतभेद रहेगा। होगी। सहयोगी मानहानि का कारण कनेगे। स्वास्थय खराब होगा। 22 दिसम्बर से वात्सल्य एवं प्रेम का वातावरण मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विभिन्न माध्यमो से लाभ मिलेगा। भूमि –भवन के कार्यो में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति अर्जित करेगे। भद्रपुरुषो से मित्रता होगी। पारिवारिक जीवन का सुखी रहेगा।

शुभ : 04, 17, 19, 23, 25,

अशुभ : 02, 07, 09, 12, 14, 21, 27, 29

VYAS PANCHANG